SMALL BUSINESS ENTERPRISE CENTRE

www.brampton-business.com
33 Queen St. West, पहली मंज़िल, Brampton, ON L6Y 1L9
फ़ोन: 905-874-2650 फ़ैक्स: 905-874-2670

# ओन्टेरियो में अपना बिज़नेस इनकौरपोरेट करना

**इनकौरपोरेशन के लिए संचिका देना**

ओन्टेरियो में अपना बिज़नेस इनकौरपोरेट करने वालों के लिए सेवा के चार विकल्प मौजूद हैं :

- 375 University Ave, Toronto, स्वीट 200, में स्थित Personal Property Security Branch Public Office of the Ministry of Government Services (MGS), के कार्यालय में जा कर स्वयं Articles of Incorporation जमा करा दें। कार्यालय का फ़ोन नम्बर है – (416) 314-8880
- Articles of Incorporation डाक द्वारा जमा करा दें। पता है : Companies and Personal Property Security Branch of the Ministry of Government Services (MGS): Suite 200, 393 University Avenue, Toronto, ON, M5G 2M2.
    - Service Ontario की 15 अन्य शाखाओं पर Articles of Incorporation स्वयं जमा कराए जा सकते हैं : http://www.ontario.ca/ontprodconsume/groups/content/@gopsp/@so/@bus/@companies/documents/document/stel02_168162.pdf
- Articles of Incorporation की संचिका एलैक्ट्रोनिकली, इन्टरनेट द्वारा, मन्त्रिमण्डल के अधिकृत, सेवा प्रदान करने वाली, दो में से एक कम्पनी को फ़ाइल करने के लिए दी जा सकती है : http://www.cyberbahngroup.com/CyberbahnCMS/ या www.oncorp.com
- वकील या अन्य प्रशिक्षित व्यवसायी कर लें। बिज़नेस इनकौरपोरेट करना एक कठिन विधि है, इसके कानूनी तथा आर्थिक तात्पर्य होते हैं। एक वकील या अन्य प्रशिक्षित व्यवसायी, अनिवार्य NUANS name search तथा आवश्यक

incorporation articles के साथ, आपके लिए सारे कागज़-पत्र तैयार के संचिका जमा कर देगा। आपको पूरा पैकेज, यानि, corporate seal, minutes book और advice मिल जाएगा। यदि आपको इनमें से किसी व्यवसायी का रैफ़रल चाहिए तो हमारे एक सहयोगी से पूछ लें।

**स्वयं अथवा डाक से, कागज़ के फ़ार्मस का प्रयोग**

इनकौरपोरेट करने के लिए यदि आप कागज़ के फ़ार्मस का प्रयोग करते हैं, निम्न अवश्य करें:

- Articles of Incorporation की पूरी की गई दो प्रतियाँ। दोनों प्रतियों पर असली हस्ताक्षर होने चाहिएँ। **कृपया ध्यान रहे कि प्रत्येक business corporations के शेअर होने आवश्यक हैं। फ़ार्मस** का Article 6 पूरा करना **अनिवार्य** है। (शेयर का 1 मालिक हो सकता है) फ़ार्मस http://www.forms.ssb.gov.on.ca/mbs/ssb/forms/ssbforms.nsf या कानूनी स्टेश्नरी स्टोर या name search houses पर उपलब्ध हैं।
- यदि numbered company इनकौरपोरेट कर रहे हैं तो Ontario-based Newly Upgraded Automated Name Search (NUANS) की मूल प्रति की आवश्यकता नहीं है। ओन लाइन www.nuans.com पर name search कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें : Companies and Personal Property Security की शाखा यह name search **नहीं करती** है।
- प्रावरण पत्र, जिसमें नाम के साथ, वापिस भेजने का पता और कौरपोरेशन से सम्पर्क करने के लिए टेलिफ़ोन नम्बर हो।
- Minister of Finance को देय $360 (GST के बिना) की फ़ीस। भुगतान सर्टिफ़ाइड चेक, मनी ओर्डर या निजि चेक से कर सकते हैं। निजि चेक पर पहले से छपा नाम, पता, बैंक का ट्रान्ज़िट नम्बर और खाता नम्बर होना आवश्यक है। नकद, Visa, MasterCard, AMEX और Interac से भुगतान स्वयं किया जाना आवश्यक है।
- यदि आवश्यकता हो, अन्य सहायक प्रलेख। **कृपया ध्यान दें** : Consent to Act as First Director को अब शाखा पर भरने की आवश्यकता नहीं है पर इसे कौरपोरेशन के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में रखना आवश्यक है। Business Incorporation के फ़ार्मस कानूनी स्टेश्नरी स्टोर या name search houses से खरीदे जा सकते हैं। इन्हें इन्टरनेट द्वारा Company Forms की वैबसाइट से डाउनलोड भी किया जा सकता है : http://www.forms.ssb.gov.on.ca/mbs/ssb/forms/ssbforms.nsf/FormDetail?OpenForm&ACT=RDR&TAB=PROFILE&ENV=WWE&NO=007-07117
- क्या आवश्यक है, इसकी अन्य जानकारी के लिए देखें : http://www.ontario.ca/en/business/STEL02_163189 और www.canadabusiness.ca और खोजें "incorporation".

**Business Corporations Act (बिज़नेस कौरपोरेशनस् एक्ट):**
निम्न सेवाओं के लिए CPPSB को जाँच के लिए, डाक द्वारा 2-4 सप्ताह का समय दें।

- तत्काल over-the-counter सेवा या mailed-in सेवा के लिए $360
- नीचे, सेवा प्रदान करने वाली कम्पनी के माध्यम से "फ़ाइलिंग एलैक्ट्रोनिकली" तत्काल सेवा के लिए $300 (+ सेवा प्रदान करने वाले की फ़ीस)
- तीन से अधिक Business Corporation Act के प्रलेख over-the-counter फ़ाइल करने पर, प्रति ट्रान्ज़ेकशन, $25 की multiple transactions special service fee लागू होती है। यह फ़ीस फ़ाईलिंग फ़ीस के अतिरिक्त होती है। यह सेवा अपोइन्टमेन्ट द्वारा ही प्राप्त है।

**नम्बर्ड कम्पनी**
यदि कोई निवेदक नम्बर नाम से इनकौरपोरेट करना चाहता है तो name search की आवश्यकता नहीं है। The Companies and Personal Property Security Branch की ओर से एक नम्बर निर्दिष्ट कर दिया जाएगा। फ़ार्म भरते समय, 9 खाने (नम्बर के लिए) तथा शब्द "ONTARIO" के बाद a legal element के लिए, खाली छोड़ दें।

**फ़ाइलिंग एलैक्ट्रोनिकली**
यदि आप एलैक्ट्रोनिकली इनकौरपोरेट करते हैं तो, निम्न अवश्य करें :

- मुख्य में से एक, एलैक्ट्रोनिक सेवा प्रदान करने वाले की ही लें :
- **Cyberbahn** http://www.cyberbahngroup.com/CyberbahnCMS/ पर
- 416-595-9522 या 1-800-806-0003 या
- **OnCorp Direct Inc** http://www.oncorp.com/home/incorporation.asp पर
- 416-964-2677 या 1-800-461-7772
- **कृपया ध्यान दें कि सभी निज़नेस कौरपोरेशनस् के शेयर होने अनिवार्य हैं।** इसीलिए फ़ार्मस का Article 6 पूरा भरा जाना चाहिए।
- ओन्टेरियो स्थित NUANS name search प्राप्त करें और खोजा हुआ नाम, NUANS reservation reference number तथा NUANS date दे दें : www.nuans.com
- ओनलाइन प्रावरण पत्र, नाम, वापिस भेजने का पता और कौरपोरेशन से सम्पर्क करने के लिए टेलिफ़ोन नम्बर के साथ पूरा करें।
- $300 की सांविधानिक फ़ीस जमा करें। इसके अतिरिक्त service provider अपनी सेवाओं की फ़ीस लेता है (अदायगी क्रेडिट कार्ड द्वारा होगी या मुख्य सेवा प्रदान करने वाले के साथ खाता खोलने से होगी)।

**Federal incorporation (फ़ैडरल इनकौरपोरेशन)**: ओनलाइन
www.strategis.gc.ca/corporations पर

फ़ैडरल के बनिस्पत प्रोविनशियल इनकौरपोरेशन के बारे में अधिक जानने के लिए देखें : http://www.incorper.com/FedvsOnt.html.